आकाशवाणी श्री विजयपुरम

20.11.2026 समय : 1905

1. अंडमान–निकोबार के सभी मतदान केंद्रों पर कल और 22 नवंबर को लगेंगे विशेष शिविर, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और सुधार कराने का मिलेगा अवसर।

2. सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए बड़ी राहत, CGHS सुविधाओं के सुचारू संचालन हेतु चेन्नई के अतिरिक्त निदेशक को मिली नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी।

3. गराचरमा, बुक्शाबाद, प्रातरापुर और मिनी बे समेत कई क्षेत्रों में कल बिजली कटौती, सुबह से शुरू होगा शटडाउन।

4. राजधानी श्री विजयपुरम में 6 दिसंबर से शुरू होगा बास्केटबॉल का रोमांच, पुरुष एवं महिला वर्ग में आयोजित होगी ओपन प्रतियोगिता।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत कल और 22 नवंबर 2026 को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेंगे इन शिविरों में बीएलओ नए मतदाताओं का पंजीकरण, नाम व पते में सुधार, निवास परिवर्तन और नाम हटाने संबंधी सेवाएं देंगे। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं। नागरिक voters.eci.gov.in पोर्टल और ECINET ऐप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पेंशनरों की सुविधा के लिए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना चेन्नई के अतिरिक्त निदेशक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी पात्र पेंशनरों के CGHS कार्ड जारी कराने, स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान और प्रशासन के साथ समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे। स्वास्थ्य सेवा निदेशक, अंडमान–निकोबार प्रशासन ने सभी पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनरों से इस संबंध में जानकारी रखने की अपील की है।

<><><><><><><>

सतावनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 का उद्घाटन अब से कुछ देर बाद गोवा के तलेगाओ स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में होगा। नौ दिवसीय महोत्सव में भारतीय और विदेशी फिल्मों का प्रदर्शन होगा तथा गोल्डन पीकॉक और सिल्वर पीकॉक पुरस्कारों के लिए फिल्में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस वर्ष की थीम 'बिना सीमाओं वाली कहानियां' रखी गई है। महोत्सव के तहत वेव्स फिल्म बाजार के 20वें संस्करण का भी उद्घाटन किया गया है, जो पांच दिनों तक ताज सिदादे डी गोवा होराइजन में चलेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन एनएफडीसी द्वारा आयोजित यह बाजार फिल्म निर्माताओं, निवेशकों, वितरकों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों को सहयोग का मंच प्रदान करेगा। महोत्सव निदेशक आशुतोष गोवारिकर ने सिनेमा की सीमाओं से परे लोगों को जोड़ने की शक्ति पर जोर दिया, जबकि मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार ने भारतीय फिल्मों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में फिल्म बाजार की भूमिका रेखांकित की। कार्यक्रम में मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रभात और एनएफडीसी अध्यक्ष जी. कृष्णकुमार भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

गाराचरमा सब स्टेशन में ट्रांसफॉर्मर के रखरखाव कार्य के चलते कल सुबह साढ़े छ बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार, गाराचरमा फीडर के लक्ष्मी मोटर, शिवाजी कॉलोनी, टीआर–एमआर हाउसिंग, गाराचरमा बस्ती सहित पूरे गाराचरमा क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। प्रातरापुर फीडर के तहत ऑस्टिनाबाद, पत्थरगड्डा, ब्रिचगंज, ब्रुक्शाबाद, अन्ना नगर, बर्मानाला, रंगाचांग, कोड़ियाघाट, पी टी एस, चिड़ियाटापू व बिडनाबाद प्रभावित होंगे। बुक्शाबाद फीडर के महावीर नगर, कामराज नगर, बर्ड लाइन, बिडनाबाद तथा कालीकट फीडर के कालीकट, मक्का पहाड़, न्यू बिम्बलीटान व टेलराबाद में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मिनी बे फीडर के ओल्ड पहाड़गांव, सहित पूरे मिनी बे क्षेत्र के अलावा डॉलीगंज, अटमपहाड़, आई सी एम आर कॉलोनी और चिड़ियाटापू के कुछ

हिस्से भी प्रभावित होंगे। विद्युत विभाग के दक्षिण अंडमान मंडल की ओर से सिप्पीघाट क्षेत्र में उच्च एवं निम्न वोल्टेज बिजली लाइनों के कार्य के चलते कल सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। इस दौरान सिप्पीघाट, बम्बा नाला और नया शहर क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

<><><><><><><>

भारतीय वायुसेना के संचार रडार वाहन को एयरफोर्स स्टेशन पोर्ट मोट से ब्रिचगंज सैन्य स्टेशन तक ले जाने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कल दक्षिण अंडमान और श्री विजयपुरम के कुछ क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। वाहन की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निजी समाज सेवा संस्था की अध्यक्ष रुबीना सिद्दीकी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिनियम 2013 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, शिकायत निवारण प्रक्रिया, आंतरिक समिति की भूमिका और कर्मचारियों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लैंगिक संवेदनशीलता, आपसी सम्मान और सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण कार्यस्थल के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस दौरान कुल 40 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस के नशामुक्त भारत अभियान के तहत 19 नवंबर को स्वराज द्वीप पुलिस थाने ने गोविंद नगर स्थित सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर स्वराज द्वीप के एसडीपीओ कथिरावन ने विजेताओं को पुरस्कार और योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान देने, अच्छी आदतें अपनाने और नशे से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही अपने परिवार, मित्रों और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाकर अभियान का सहभागी बनने का आह्वान किया।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य निदेशालय 6 से 9 दिसंबर तक राजधानी श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में पुरुष एवं महिला वर्ग की ओपन बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करेगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 दिसंबर को दोपहर 3 बजे होगा। इसका उद्देश्य युवाओं में बास्केटबॉल को बढ़ावा देना तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। इच्छुक खिलाड़ी और टीमें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 9933–210–056 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम अंडमान–निकोबार पुलिस के सहयोग से साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर जागरूकता के लिए विशेष सीधा फोन–इन कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार शाम 6 से साढ़े छ बजे तक प्रसारित होगा। पहली कड़ी 23 नवंबर को होगी, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ए एन टी एफ) दीपेंद्र कुमार सिंह युवाओं और विद्यार्थियों में नशे की समस्या पर विशेषज्ञ के रूप में सवालों के जवाब देंगे। दर्शक इस कार्यक्रम में फोन नंबर 244–745 या 245–662 पर कॉल करके प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>